## एक नजर में

### एमआईटी में कैंपस प्लेसमेंट आयोजित

**उज्जैन।** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन के अंतर्गत संचालित महाकाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल स्टडीज में अजंता फार्मा लिमिटेड, पीथमपुर का कैंपस प्लेसमेंट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कंपनी की ओर से एचआर मैनेजर अनूप सिंह एवं उनकी टीम ने भाग लिया। सबसे पहले सिंह ने कंपनी का प्रोफाइल प्रस्तुत किया, जिसके बाद छात्रों के तकनीकी ज्ञान का आकलन करने हेतु एप्टीट्यूड टेस्ट लिया गया। इसके पश्चात पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से 6 छात्रों का चयन किया गया। निधि पटेल एवं मयंक पाल को क्वालिटी एश्योरेंस विभाग के लिए तथा दीपक पटीदार, आयुष नरवरिया, दीपेश सोलंकी एवं रितिका देवड़ा को प्रोडक्शन विभाग के लिए चुना गया। एमआईपीएस के निदेशक डॉ. एससी महाजन ने इस अवसर पर कहा हमारे संस्थान का उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि छात्रों को उद्योग के अनुरूप तैयार करना भी है। अजंता फार्मा जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के साथ यह प्लेसमेंट हमारे छात्रों की क्षमताओं और संस्थान के शैक्षणिक स्तर को प्रमाणित करता है। मैं चयनित छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन के सेक्रेटरी आदित्य वशिष्ठ ने इस अवसर पर कहा हमारा संस्थान छात्रों को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण एवं बेहतरीन करियर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अजंता फार्मा जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के साथ यह सहयोग हमारे छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है। हम चयनित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं। एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में वर्ष 2024-25 में 250 से अधिक जानी-मानी राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। अभी तक वर्ष 2024-25 में हुए कैंपस प्लेसमेंट्स में चयनित विद्यार्थियों का औसत वार्षिक पैकेज 6 लाख रहा, जबकि उच्चतम पैकेज 27 लाख रहा है। एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन शिक्षा, अनुसंधान एवं उद्योग सहयोग के क्षेत्र में अग्रणी संस्थानों में से एक है, जो छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करता है। महाकाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल स्टडीज द्वारा आयोजित इस तरह के कैंपस प्लेसमेंट छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### वर्जिन मेरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन








**उज्जैन।** वर्जिन मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने हृश्वश्वज्ञ 2025 परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। मनस्वी विटनेरकर ने 98.202 परसेंटाइल, पहल उपाध्याय ने 96.956 परसेंटाइल तथा दिव्यांशी नागर ने 86.056 परसेंटाइल अर्जित कर चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय की निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. माधवी वर्मा एवं निदेशक (प्रशासन) इंजी सौरभ चौधरी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन, प्रशासन एवं समस्त शिक्षकों ने भी इस सफलता पर अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं को शुभकामनाएँ दीं।

### शिप्रा जोशी की उज्जैन में आज से प्रस्तुति



**उज्जैन।** संस्था स्पीक मैके एवं भारत सरकार के उपक्रम आईओसीएल के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 17 जून से नई दिल्ली की प्रख्यात कत्थक नृत्यांगना शिप्रा जोशी की उज्जैन के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में चार दिनी प्रस्तुति होगी। स्पीक मैके के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया शिप्रा की पहली प्रस्तुति प्रात: 10-45 बजे शासकीय माध्यमिक विद्यालय, निनोरा एवं दोपहर 12-15 बजे शासकीय माध्यमिक विद्यालय आलमपुर, इंदौर रोड पर अपनी प्रस्तुतियां देगी।

### गांजा बेचने आया कुख्यात तस्कर पकड़ाया

**उज्जैन।** लंबे समय से शहर में गांजे का अवैध कारोबार कर रहा कुख्यात तस्कर एक बार फिर पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। उसके पास से 1 किलो 130 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस उसे न्यायालय में पेश करेगी। देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि रविवार को सूचना मिली थी कि नगर निगम द्वारा बनाए गए नगर वन में बने हनुमान मंदिर के पास एक युवक गांजे की पुड़िया बनाकर नशा करने वालों को बेचने के लिए आया हुआ है। एसआई पुरुषोत्तम गौतम ने प्रधान आरक्षक श्रीराम यादव और आरक्षक शैलेष सिंह के साथ तत्काल मौके पर पहुंच घेराबंदी की और गांजे के साथ कुख्यात तस्कर संजय उर्फ संजू चना पिता शीतलप्रसाद गुप्ता को हिरासत में ले लिया। कुछ महीनों पहले भी देवासगेट पुलिस ने उसे नगर वन से गिरफ्तार किया था। इस बार उसके पास 10 हजार रुपए कीमत का गांजा मिला है। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जा सकता है। संजू चना के खिलाफ पूर्व में भी बड़े स्तर पर गांजे की तस्करी करने के मामले दर्ज हैं।




### नगर निगम ने गढ़कालिका से हटाया अतिक्रमण

**उज्जैन।** सोमवार को नगर निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा गढ़ कालिका माता मंदिर क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मंदिर परिक्षेत्र के बाहर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। गढ़कालिका माता मंदिर क्षेत्र में मंदिर परिसर के बाहर हार, फूल, प्रसादी वालों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर तक दुकान का सामान रखते हुए अतिक्रमण किया गया था। जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी समस्या एवं यातायात व्यवस्था अवरोध हो रही थी निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश अनुसार सोमवार को गेम प्रभारी मोनू थनवार एवं रिमूवल गैंग द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

### महापौर ने किया गया नवीन कक्ष का निरीक्षण

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय हितग्राहियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार 16 जून से निगम मुख्यालय स्थित छत्रपति शिवाजी भवन में कक्ष क्रमांक 322 शिल्पज्ञ विभाग के पास स्थानांतरित किया गया है अत: योजना के संबंध में हितग्राही निगम मुख्यालय में कार्यालय समय 10:00 बजे से 6:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ आवंटित कक्ष का निरीक्षण किया गया। विदित है कि पहले प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय जोन क्रमांक 4 के प्रथम तल पर संचालित होता था, नगर निगम मुख्यालय में हितग्राही ज्यादा आते हैं इसलिए सुविधा की दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम मुख्यालय में ही कार्यालय संचालित होगा।

### नगर निगम द्वारा 3500 का जुर्माना किया



**उज्जैन।** आयुक्त आशीष पाठक के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा निरंतर शहर की स्वच्छता को प्रभावित करने वाले एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग अमले निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर कचरा सेग्रीगेशन नहीं मिलने, गंदगी करते पाए जाने एवं अमानक स्तर की सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने पर राशि रुपए 3500 का जुर्माना लगाया गया।

नवभारत की खबर का असर...

## श्री सिंथेटिक कंपनी की खुली फाइल, कोलकाता हाई कोर्ट में फिर होगी सुनवाई

### कौन होगा115 एकड़ की इस बेशकीमती जमीन का मालिक, कोर्ट का फैसला आने के बाद नया प्रोजेक्ट होगा शुरू

**उज्जैन (प्रमोद व्यास)। श्री सिंथेटिक्स लिमिटेड कंपनी में जो मजदूर कार्यरत थे। उनका पारिश्रमिक वर्षों के बाद भी बाकी है। कंपनी के कर्ताधर्ताओं से लेकर सरकार व अन्य के बीच रस्साकस्सी का दौर चल रहा है। इसी बीच नवभारत ने इस बंद पड़ी श्री सिंथेटिक के संबंध में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया तो हलचल मची। अब एक बार फिर इसकी फाइल खुल गई है।**





दरअसल श्री सिंथेटिक की 115 एकड़ लीज होल्ड भूमि जो नवलखी रोड तहसील उज्जैन मध्य प्रदेश में स्थित है इसका आधिपत्य 2 नवंबर 1969 को श्री सिंथेटिक लिमिटेड को 99 वर्ष की अवधि के लिए औद्योगिक उपयोग के लिए सौंपा था। अब यह 115 एकड़ भूमि किसकी होगी, कौन इसका मालिक होगा। कौन सा प्रोजेक्ट यहां पर आएगा, कैसे श्रमिकों का बकाया पारिश्रमिक मिलेगा अभी यह सब कुछ स्पष्ट होना बाकी है।

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार श्री सिंथेटिक लिमिटेड कंपनी को 99 वर्ष की लीज पर यह जमीन जब उपलब्ध कराई गई थी। तो कई तरह की शर्तें भी प्रभावशील हो गई थी। बाद में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लीज निरस्त कर दी गई। बताया जा रहा है की लीज की शर्तों का कंपनी ने उल्लंघन भी किया। अब लीज होल्ड की इस भूमि पर पुन: कब्जा प्राप्त करने के लिए शासकीय परिसमापक जो नियुक्त किए गए हैं। उसके माध्यम से कैस विचाराधीन है।

#### जुलाई में आ सकता है अंतिम निर्णय

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार जून माह में जिस तरह से इसकी फाइल फिर से खुल गई है। ऐसे में दावे आपत्ति माननीय न्यायालय कोलकाता के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत किए जाएंगे। जो-जो विभाग और अधिकारी इस केस से जुड़े हुए हैं वह उपस्थित होंगे या उनके वकील दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात 10 जुलाई 2025 को इस पूरे मामले की सुनवाई माननीय न्यायालय द्वारा की जाएगी। हो सकता है कि यह अंतिम निर्णय हो। जिससे मध्य प्रदेश सरकार अथवा श्री सिंथेटिक में कार्यरत मजदूर के हित में निर्णय आ सके।

#### कोलकाता हाई कोर्ट में होगी सुनवाई

माननीय उच्च न्यायालय कोलकाता में मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रस्तुत उक्त कंपनी आवेदन संख्या 636/2008 को स्वीकार करते हुए दिनांक 19 जुलाई 2010 को पारित अपने आदेश के द्वारा पट्टे के अस्वीकरण की अनुमति दे दी तथा शासकीय समापक को निर्देश दिए गए केवल लेनदारों और अंश दाताओं के हितों की रक्षा के लिए उपयुक्त समर्पण मूल्य प्राप्त होने पर मध्य प्रदेश शासन के पक्ष में पट्टे की असमाप्त अवधि को समर्पित कर दे। ऐसे में अब यह पूरी सुनवाई कोलकाता हाई कोर्ट में होगी।


## लोन संबंधी कार्रवाई के लिए बुधवार से मल्टी पर शिविर लगाए जाएंगे-महापौर

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मंछामन स्थित 288 ईडब्लूएस आवासीय इकाइयों का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर हैं हितग्राहियों के आवंटित मकान के लिए लोन प्रक्रिया हेतु पंजाब नेशनल बैंक शाखा विवेकानंद कॉलोनी माधव क्लब रोड द्वारा मल्टी स्थल पर ही शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में हितग्राहियों के बैंक खाता एवं लोन संबंधी दस्तावेज की जानकारी देकर लोन के आवेदन भरे जाएंगे। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा हितग्राहियों से अपील की है कि वह उक्त दिनांक को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, आदि दस्तावेज मंछामन स्थित निर्माणाधीन मल्टी पर जाकर अपना खाता खुलवाते हुए लोन संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करें, हितग्राहियों के सहयोग करने के लिए नगर निगम के आवास योजना से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहेंगे ताकि शासन की मंशा अनुसार किफायती दरों पर पूर्व से पंजीकृत हितग्राहियों को शीघ्र आवास प्राप्त हो सके।

## कैमरे के सामने महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

### ससुराल वालों पर लगाए आरोप, सुसाइड नोट भी लिखा, सहेली ने अस्पताल में कराया भर्ती, रात में हुई मौत

**उज्जैन। ससुरालवालों से परेशान चल रही महिला ने पहले सुसाइड नोट लिखा। उसके बाद जहर खाते हुए वीडियो बनाया। हालत बिगड़ने पर सहेली को कॉल किया। घर पहुंची सहेली उसे अस्पताल लेकर पहुंची। कुछ घंटे चले उपचार के बाद महिला की मौत हो गई। सोमवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू की है।**



नीलगंगा थाना क्षेत्र की तिरुपति प्लेटिनम कॉलोनी में रहने वाली नुपूर पति सतीश जाट 25 वर्ष को रविवार दोपहर उसकी सहेली श्रद्धा उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंची थी। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद देर रात नुपूर की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। इस दौरान नुपूर का मोबाइल जब्त किया गया। जिसमें एक वीडियो होना सामने आया। नुपूर जहर खाते और पानी पीते दिखाई दी। मौत को गले लगाने से पहले नुपूर ने वीडियो में पति सतीश जाट, सास हेमलता जाट, ननद भावना और पूजा पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे। रात में ही पुलिस नुपूर के घर पहुंची जहां कमरे की तलाशी लेने के दौरान सुसाइड नोट भी बरामद हो गया जिसमें लिखा था कि ससुरालवाले प्रताड़ित कर रहे हैं। 6 महीने से मेरे पति ने मुझे बहुत परेशान कर रखा है। मुझे मारने की धमकी देते हैं। घर खर्च के रुपए देना भी बंद कर दिया है। तीन दिन पहले पति घर से चले गए और वापस नहीं लौटे। ससुरालवालों से कुछ बोलती हूं तो घर छोड़कर चले जाने के लिए कहते हैं। पुलिस ने मोबाइल जप्त कर सुसाइड नोट जांच में लिया है। नुपूर का मायका ग्राम नारायणगढ़ा सैलाना, जिला रतलाम में है। जानकारी मिलने पर भाई शिवम और परिजन उज्जैन पहुंच गए थे। आज सुबह उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया है। टीआई तरुण कुरील का कहना था कि मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए जाएंगे। भाई शिवम ने पुलिस को बताया कि 2020 में नुपूर की शादी हुई थी और वह ब्यूटी पार्लर में काम करती थी।

#### दर्शन करने आई छात्रा ने शिप्रा नदी में लगाई छलांग

उज्जैन। दर्शन करने आई छात्रा ने बीती रात नृसिंह घाट ब्रिज से शिप्रा नदी में छलांग लगा दी। एसडीआरएफ की टीम ने जानकारी लगते ही छात्रा को बचाने के प्रयास शुरू किए। कुछ देर में ही छात्रा को बाहर निकाल लिया गया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। छात्रा की जान बचा ली गई है। बताया जा रहा है कि धार जिले की रहने वाली भूमिका पिता यशवंत सिंह 21 वर्ष इंदौर स्थित बीएनएसआई यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करती है। रविवार वह अकेली महाकाल दर्शन करने आई थी। लेकिन उसने रात 10 बजे के लगभग नृसिंह घाट ब्रिज से शिप्रा नदी में छलांग लगा दी। छात्रा के नदी में कूदने की जानकारी लगते ही एसडीआरएफ जवान मौके पर पहुंचे और छात्रा को बचाकर बाहर निकाला। लेकिन वह बदहवास हो गई थी। उसके पेट में पानी भर गया था। सीपीआर देकर एसडीआरएफ जवानों ने पानी निकाला और उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया। हालत में सुधार होने पर सामने आया कि छात्रा पढ़ाई के तनाव में चल रही थी जिसके चलते उसने नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया है। रात में ही पुलिस ने उसके परिजनों को जानकारी दे दी थी। परिजन सुबह उज्जैन पहुंच गए थे।

## नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**उज्जैन।** पार्षद नीलम राजा कालरा के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 44 अंतर्गत विशेष निधि के तहत नगर पालिक निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 65 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण एवं सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है। जिसका भूमि पूजन सोमवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद नीलम राजा कालरा, जोन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, नगर उपाध्यक्ष आनंद खींची की उपस्थिति में किया गया। उल्लेखनीय की वार्ड क्रमांक 44 अंतर्गत 65 लाख रुपए की लागत से एमपी हॉस्पिटल से एसएस गुप्ता हॉस्पिटल तक जोन कार्यालय के सामने दशहरा मैदान कॉलोनी एवं राजस्व कॉलोनी बगीचे के पास राशि रुपए लगभग 15 लाख की लागत से डामरीकरण कार्य, फ्रीगंज समय होटल से कंट्रोल रूम में रोड तक राशि रुपए लगभग 15 लाख की लागत से डामरीकरण कार्य एवं एमपी हॉस्पिटल से एसएस गुप्ता हॉस्पिटल के साइड वाली रोड पर राशि रुपए लगभग 35 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता ओम जैन, यशवंत पटेल एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक गण उपस्थित रहे।

## गधा पुलिया पर रात को मकान में बदमाशों ने बोला धावा, लाखों के आभूषण चोरी

**उज्जैन।** बीती रात नीलगंगा क्षेत्र में बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। हजारों रुपए नगद और लाखों के आभूषण चोरी होना सामने आया है। सुबह पुलिस वारदात स्थल जांच के लिए पहुंची थी। खोजी श्वान रेलवे पटरियों के पास तक पहुंचा था।

गदापुलिया पर रहने वाले नदीम पिता नासिर खान टूर एण्ड ट्रेवल्स का काम करते हैं। बीती रात उनके घर का मेन गेट खुला हुआ था। वहीं परिवार एक कमरे में लगी टीवी देखने के लिए एकत्रित हो गया था जहां कूलर की हवा में ही सो गया था। इस बीच रात में बदमाशों ने मेन गेट से अंदर प्रवेश किया और समीप के कमरे का लॉक तोड़कर अलमारी में रखे 70 हजार रुपए नगद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। तड़के 4 बजे परिवार नींद से जागा तो चोरी की वारदात का पता चला। बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी को खंगालकर वारदात की थी। सुबह मामले की जानकारी लगने पर पुलिस पहुंची। जांच के लिए एफएसएल टीम और खोजी श्वान को बुलाया गया। श्वान कमरे से रेलवे पटरियों की ओर पहुंचा था। बताया जा रहा है कि नदीम खान टूर एण्ड ट्रेवल्स के साथ घर से कुछ दूरी पर ही चिकन शॉप संचालित करते हैं। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आसपास सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किए हैं। गदापुलिया क्षेत्र के ही छुमछुम बाबा की दरगाह के समीप पारदी डेरा भी बना हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि वारदात को पारदी गिरोह के बदमाशों ने अंजाम दिया होगा। बावजूद पुलिस सभी स्तर पर अपनी जांच में लगी हुई है।

## जहरीली शराब के साथ हिरासत में आये बदमाशों ने चुराया था कृषि यंत्र

**उज्जैन। पाटनी फार्म हाऊस के बाहर से चोरी हुआ कृषि यंत्र रोटावेटर 3 बदमाशों की निशानदेही पर बदनावर के जंगलों से बरामद कर लिया। बदमाशों को पुलिस ने जहरीली शराब के साथ पकड़ा था। पूछताछ में तीनों ने चोरी करना कबूल कर लिया। रोटावेटर चोरी में प्रयुक्त पिकअप भी बरामद की गई है।**



बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 7-8 जून की रात बदनावर मार्ग पाटनी फार्म हाऊस के बाहर से सवा लाख कीमत का रोटावेटर अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया था। मामले की शिकायत कृषक प्रकाशचंद्र पिता भैरूलाल चौहान ने दर्ज कराते हुए बताया था कि रोटावेटर को ट्रैक्टर में लगाकर खेत की मिट्टी काटने में उपयोग किया जाता है। मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये थे। जिसमें एक संदिग्ध पिकअप दिखाई दी थी। लेकिन उसका पता नहीं चल पाया था। शनिवार को सूचना मिली कि 3 युवक हाथभट्टी से बनी जहरीली शराब लेकर बदनावर मार्ग से आ रहे है। पुलिस टीम अलर्ट किया गया और घेराबंदी कर तीनों युवकों को हिरासत में लिया। उनके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 29 लीटर शराब बरामद कर आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। तीनों के नाम अभिषेक पिता राजाराम भील 25 साल, रितिक पिता नारायण कीर 24 साल निवासी घाट बिल्लौद धार और रोहित पिता वासुदेव भील 24 साल ग्राम एकलदुना जिला धार होना सामने आये। तीनों का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर सामने आया कि चोरी और सट्टे के 17 अपराध दर्ज होना सामने आए। सख्त पूछताछ करने पर तीनों बदमाशों ने रोटावेटर चोरी करना भी स्वीकार कर लिया। तीनों ने बदनावर के जंगल में छुपाकर रखना बताया और चोरी करने के लिये दोस्त की पिकअप मांगकर लाना बताया। रोटावेटर बरामद करने और चोरी में उपयोग की गई पिकअप को बरामद करने के लिये एएसआई मानसिंह वास्कले, अंतरसिंह मंडलोई, नरेन्द्र भूरिया, गोर्वधनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक राहुल राठौर, रुपेश पर्ले की टीम को रवाना किया गया। कुछ घंटे में ही पिकअप के साथ रोटावेटर जब्त कर लिया गया।

वीआईपी का आगमन | भस्मारती में शामिल हुए, गर्भगृह के बाहर से किए दर्शन, मंदिर समिति ने किया सम्मान

## उज्जैन में शूटिंग के लिए आए फिल्म अभिनेता रवि किशन महाकाल पहुंचे

**नवभारत न्यूज**

उज्जैन। फिल्म अभिनेता रविकिशन शुक्ल सोमवार को उज्जैन आए। इस दौरान वे अल सुबह पहले महाकाल मंदिर पहुंचे और बाबा की भस्मारती में शामिल हुए। उन्होंने पहले पूरी भस्मारती देखी इसके बाद गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर पूजन कराया। पुजारी अर्पित गुरु ने उनका पूजन कराया व नंदीहॉल में सम्मान किया। शुक्ल गोरखपुर उत्तरप्रदेश से सांसद भी है। वे उज्जैन में एक फिल्म की शूटिंग के लिए आए थे। रवि किशन इसके पहले भी कई बार महाकाल दर्शन करने आ चुके हैं। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से भी रविकिशन का



स्वागत किया। उन्होंने समिति की व्यवस्था की तारीफ की।

#### दिल्ली के श्रद्धालु ने एक दर्जन पंखे दान किए

महाकाल मंदिर में दिल्ली से आए श्रद्धालु प्रदीप तोमर ने मंदिर पुरोहित दीपक शर्मा की प्रेरणा से 12 नग सिलिंग पंखे दान में दिए। उक्त पंखे मंदिर में उचित स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु लगाए जाएंगे। चंदेसरा के भक्त ने 51 हजार भी दान किए।

#### जन्मदिन पर गोविंदा की पत्नी ने लिया महाकाल का आशीर्वाद



फिल्म अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने जन्मदिन के अवसर पर उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से हाथ जोड़कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया इसके बाद नंदीहॉल में बैठकर कुछ देर महाकाल की आराधना की। पुजारी पंडित रमण त्रिवेदी ने उनका नंदीहॉल में स्वागत सम्मान किया। इसके बाद वे प्रसिद्ध काल भैरव मंदिर में भी दर्शन करने गई। उल्लेखनीय है कि गोविंदा के साथ उनकी पत्नी सुनीता भी भगवान महाकाल की परम भक्त है और वह समय-समय पर उज्जैन आकर बाबा का आशीर्वाद लेती रहती हैं।